## खबर संक्षेप

### 86 हजार रूपए कीमती अवैध शराब की गई जब्त

**कटनी।** शराब के अवैध शराब को रोकने के लिए पुलिस ने 'ऑपरेशन शिकंजा' के तहत कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में चलाए गए इस विशेष अभियान में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 69 अवैध शराब विक्रेताओं को गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। इस कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 128 लीटर देशी/विदेशी शराब और 49 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। जब्त की गई शराब की कुल बाजार कीमत लगभग 86 हजार रुपये आंकी गई है।आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्जपकड़े गए सभी 69 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की कार्यवाही से अवैध शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपराध मुक्त जिला बनाने में सहयोग करें। यदि कहीं भी अवैध शराब का निर्माण या विक्रय हो रहा है, तो तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम (7587615946) पर सूचना दें। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### ननि में समस्याओं के समाधान शिविर आज

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा आज 27 फरवरी को प्रातः 11 बजे से नगर निगम के एम आई सी सभाकक्ष में कर्मचारियों एवं सेवानिवृत कर्मचारियों, पेंशनर्स की नगर निगम से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु कर्मचारी समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार स्वयं मौजूद रहकर कर्मचारियों की समस्या एवं शिकायतों पर सुनवाई करेंगी। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों व पेंशनरों को एक ही स्थान पर सुविधाजनक समाधान उपलब्ध कराना है, जिससे अनावश्यक विलंब और कार्यालयीन प्रक्रियाओं की जटिलता को कम किया जा सके। उपयुक्त शैलेश गुप्ता ने बताया कि 27 फरवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित होने वाले शिविर में सेवा संबंधी प्रकरण, वेतन, पेंशन, जीपीएफ, अवकाश, मेडिकल प्रतिपूर्ति सहित अन्य लंबित मामलों में प्राथमिकता से सुनवाई की जाकर उनका निराकरण किया जाएगा। निगम प्रशासन ने कर्मचारियों एवं पेंशनरों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर शिविर का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

### अनियंत्रित होकर ट्रक बीच सड़क में पलटा, लगा जाम

**कटनी।** रीठी मार्ग में गुरूवार को कोयले से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गया। इस घटना से मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक काफी तेज रफ्तार में था। लाल तलैया के पास चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया और ट्रक सड़क पर ही पलट गया। ट्रक पलटते ही उसमें भरा टन भर कोयला पूरी सड़क पर बिखर गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त ट्रक की चपेट में कोई अन्य वाहन या राहगीर नहीं आया। किसी के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं मिली। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। मुख्य मार्ग होने के कारण बसें, ट्रक और निजी वाहन घंटों से फंसे रहे जिससे राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### दद्दा धाम वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर आज

**कटनी।** वरिष्ठ जनों के लिए हॉलिस्टिक वेल वीइंग कैम्प्स कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा सामाजिक न्याय तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के समन्वय से शुक्रवार 27 फरवरी को प्रातः 10 बजे से श्री कृष्ण दद्दा धाम वृद्धाश्रम में निःशुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### सचिव की बहाली के लिए मांगे थे 50 हजार रूपए एवं एक महंगा मोबाइल

# फिर पकड़ा गया रिश्वतखोरः लोकायुक्त ने जिपं के लेखपाल को 5 हजार की घूस लेते धर दबोचा

सरकारी महकमा में रिश्वतखोरी को रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भले ही तमाम कोशिशें एवं दावे किये जा लेकिन हकीकत ठीक उलट है। सरकारी कर्मचारियों में भ्रष्टाचार इस कदर घर कर गया है कि आम नागरिकों को तो छोड़िये विभागीय कर्मचारियों के कार्य करने के लिए भी रिश्वतखोर सीधे सौदा कर रहे हैं। जिले में 9 दिन के अंदर जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने दो रिश्वतखोरों को रंगे हाथ दबोचा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जबलपुर लोकायुक्त टीम ने गुरुवार को बड़ी जिला पंचायत कार्यालय की स्थापना शाखा में पदस्थ लेखपाल सत्येंद्र सोनी को 5000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपी लेखपाल एक निलंबित ग्राम सचिव की बहाली के बदले 50,000 मूल्य का वीवो प्रो 70 मोबाइल फोन मांग रहा था।

फरियादी ग्राम सचिव आशीष कुमार दुबे ने बताया कि वर्ष 2024 में ग्राम पंचायत बसाड़ी में पदस्थ रहते हुए उन पर लोकायुक्त की कार्रवाई हुई थी, जिसमें उन्हें सह-आरोपी बनाया गया था। इसके छह महीने बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था।

अपनी बहाली के लिए आशीष दुबे ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। न्यायालय ने 30 दिनों के भीतर मामले का निराकरण करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद एक साल बीत जाने पर भी लेखपाल सत्येंद्र सोनी ने उनकी फाइल आगे नहीं बढ़ाई और मोबाइल फोन की मांग पर अड़ा रहा। लोकायुक्त इंस्पेक्टर बृजमोहन के अनुसार आरोपी लेखपाल शुरुआत में मोबाइल फोन की मांग कर रहा था। ग्राम सचिव द्वारा असमर्थता जताने और अनुरोध करने के बाद, आरोपी किस्तों में पैसे लेने पर सहमत हो गया। 23 फरवरी को शिकायत मिलने पर लोकायुक्त ने जाल बिछाया। गुरुवार 26 फरवरी को लेखपाल सत्येंद्र सोनी को 5000 की पहली किस्त लेते हुए लोकायुक्त की सात सदस्यीय टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया।

### 9 दिन में दूसरी कार्यवाही

गौरतलब है कि जिले में रिश्वतखोरी के खिलाफ नौ दिनों के भीतर लोकायुक्त की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

इससे पहले, 17 फरवरी को जल संसाधन विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री (EE) व्ही.ए. सिद्दीकी को 20,000 की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। वह मामला सेवानिवृत्त चौकीदार कुंवर लाल रजक और नौ अन्य कर्मचारियों के 8 लाख के बकाया एरियर्स के भुगतान के बदले 50,000 की रिश्वत मांगने से संबंधित था।



## तेज रफ्तार पिकअप विद्यालय में घुसा, बड़ा हादसा होते होते बचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद क्षेत्र में एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सीधे स्कूल की बिल्डिंग में जा घुसी। इस घटना के दौरान स्कूल परिसर में बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे। गनीमत यह रही कि इस भीषण टक्कर के बावजूद कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह स्कूल की दीवार और अगले हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूल बिल्डिंग के आगे का हिस्सा भरभरा कर गिर गया। मलबे और धूल के गुबार के बीच बच्चों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के वक्त स्कूल में बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। बिल्डिंग का अगला हिस्सा ढह जाने के कारण बाहर निकलने का रास्ता बंद हो गया था। आनन-फानन में स्कूल स्टाफ और स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाई और स्कूल के पीछे का दरवाजा तोड़कर सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। सुरक्षित बाहर निकलते ही बच्चों और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली। घटना की सूचना मिलते ही स्लीमनाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हादसा वाहन की तकनीकी खराबी के कारण हुआ या चालक की लापरवाही से हुआ।

## वन स्टॉप सेंटर के प्रयासों से युवती की हुई सुरक्षित घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर जिला कटनी के प्रयासों से एक युवती सुरक्षित अपने घर पहुँच पाई। यह कहानी है, अनूपपुर जिले की एक युवती सरला (परिवर्तित नाम) की। सरला ने पारिवारिक कारणों से बिना परिजनों को बताए घर छोड़ दिया। सरला ट्रेन में बैठकर कटनी पहुँच गई। वहीं उसका परिवार उसकी तलाश में परेशान था। कटनी स्टेशन पर सरला को अकेले देखकर जीआरपी कटनी द्वारा वन स्टॉप सेंटर कटनी की टीम से सम्पर्क किया गया। सरला को वन स्टॉप सेंटर कटनी में तत्काल आश्रय प्रदान किया गया। सरला प्रारम्भ में अपने सम्बन्ध में कोई भी जानकारी साझा करने को लेकर असमंजस में थी। वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी प्रशासक श्रीमती शैली तिवारी द्वारा धैर्य और संवेदनशीलता के साथ सरला की काउंसलिंग की गई। लगातार संवाद और भरोसा दिलाने के बाद सरला ने बताया कि वह परिजनों से रुष्ट होकर कटनी पहुँच गई है। इसके बाद वन स्टॉप सेंटर कटनी की टीम द्वारा अलग-अलग माध्यमों से सरला के परिवार से संपर्क करने के प्रयास किए गए। कई कोशिशों के बाद उसके पिता से संपर्क स्थापित हुआ। सूचना मिलते ही उसके पिता और भाई वन स्टॉप सेंटर पहुंचे। वन स्टॉप सेंटर में सरला एवं उसके परिजनों को समझाया गया कि संवाद ही अच्छे पारिवारिक संबंधों की रीढ़ है। परामर्श उपरांत आवश्यक औपचारिकताओं के बाद सरला को सुरक्षित उसके पिता और भाई के साथ घर भेज दिया गया।

### 26 लोगों से वसूला गया 5200 का जुर्माना

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सफाई व्यवस्था के प्रयास तेज कर दिए गए है। वहीं नगर में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम की स्वच्छता टीम द्वारा गुरुवार को नगर के विभिन्न स्थलों में चलाये गए अभियान के दौरान जोन क्रमांक 1 स्थित चांडक चौक एवं आजाद चौक में चार व्यवसायियों पर 800 रुपये का जुर्माना किया गया। वहीं क्षेत्र क्रमांक 5 में 22 लोगों पर कुल 4400 रुपये का जुर्माना किया गया। इस प्रकार सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाते पाए जाने पर कुल 26 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 5 हजार 200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्वच्छता नियमों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी तथा भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई सतत जारी रहेगी।



### बाइकों के बीच हुई भिड़ंत में चार लोग गंभीर घायल



उमरियापान थाना क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने सीधी टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घायलों को अस्पताल पहुँचाया। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 02:20 बजे प्रमोद ढाबा के पास दो तेज रफ्तार बाइकें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों पर सवार चारों व्यक्ति सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। सूचना मिलते ही उमरियापान थाने में तैनात डायल-112 एफआरव्ही (FRV) वाहन को मौके के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुँचे डायल-112 के स्टाफ सउनि कोदूलाल दाहिया एवं पायलट इन्द्रराज पौराणिक ने बिना समय गँवाए सभी घायलों को संभाला। एफआरव्ही और चिकित्सा वाहन की मदद से सभी चारों घायलों को तत्काल शासकीय अस्पताल उमरियापान में भर्ती कराया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा घायलों का उपचार प्रारंभ कर दिया गया है।

## विद्यार्थियों को छत पर बागवानी एवं वर्टिकल गार्डनिंग का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में मध्य प्रदेश शासनउच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने कृषि को लाभ का धंधा बनाने कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत जैविक कृषि विशेषज्ञराम सुख दुबे द्वारा विद्यार्थियों को जैविक कृषि का प्रशिक्षण दिया गया। छत पर उद्यानिकी को रूफटॉप गार्डन या टेरेस गार्डन के रूप में जाना जाता है। छत पर उद्यानिकी विधि के अंतर्गत छत पर बागवानी के लिए गमले की तैयारी गमलों की भराई एवं जगह का चुनाव गमलों को रखने का तरीका टेरेस गार्डनिंग के लिए उपयुक्त पौधे सब्जियां फलों एवं फूलों के पौधे पत्तेदार सब्जियां जड़ी बूटियां शोभादार पौधे तथा खाद एवं पोषक तत्व सिंचाई खरपतवार नियंत्रण कीट एवंरोगप्रबंधन का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

### गार्डनिंग के बताये तरीके

प्रशिक्षण के क्रम में वर्टिकल गार्डनिंग के अंतर्गत सब्जियों फल फूल तथा सजावटी एवं शोभादार पौधों को इन डोर या आउटडोर दीवारों खिड़कियों पर हैंगिंग पॉट्स और ग्रो बैग या प्लांट स्टैंड में गमलों को रखकर उनमें पेड़ पौधों को लगाना वर्टिकल गार्डनिंग कहलाता है इस विधि में कम जगह मैं अधिक पौधे लगा सकते हैं सजावटी पौधों के अंतर्गत मनी प्लांट स्नेक प्लांट कैक्टस एलोवेरा फूल वाले पौधे जरबेरा गुलदाउदी जेरेनियम बिगोनिया तथा सब्जी वाले पौधों टमाटर लौकी बीन्स करेला मटर लोबिया तोरई आदि को लगाने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

*कार्य में लापरवाही बरतने वाले वार्ड दरोगा को नोटिस जारी*

## सफाई व्यवस्था की टोह लेने निकली निगमायुक्त, कर्मचारियों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर को स्वच्छता के उच्च मानकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी की सफाई व्यवस्था पर निगरानी और तेज कर दी गई है। निगमायुक्त तपस्या परिहार स्वयं प्रतिदिन प्रातःकालीन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परख रही हैं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही हैं।

गुरुवार को निगमायुक्त ने मिशन चौक, सागर पुलिया तथा मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित बरगवां मुख्य मार्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सागर पुलिया के पास दीवारों की समुचित सफाई, खरपतवार की कटाई तथा पेयजल रिसाव की समस्या के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। दीवार संबंधी मुद्दों के समाधान हेतु रेलवे अधिकारियों को अवगत कराने के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया।

मिशन चौक से बरगवां मुख्य मार्ग तक पैदल निरीक्षण के दौरान आईसीआईसीआई बैंक के पास गंदगी पाए जाने पर निगमायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। संबंधित वार्ड दरोगा के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर नियमित सफाई व्यवस्था के बारे में फीडबैक भी लिया। निगमायुक्त ने स्वास्थ्य महकमे को स्वच्छता व्यवस्था और सुदृढ़ करने, तथा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए।

निगम प्रशासन द्वारा शहर में प्रतिदिन दो शिफ्ट में सफाई कार्य संचालित किया जा रहा है। मुख्य मार्गों के सौंदर्यीकरण के तहत डिवाइडरों की सफाई, पौधों की सिंचाई, मार्ग किनारे एवं खाली प्लॉटों में पन्नियों व अपशिष्ट की बिनाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को सुदृढ़ रखते हुए सार्वजनिक एवं सामुदायिक प्रसाधन केंद्रों का निरीक्षण कर स्वच्छता बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके।

### कॉलेज में खाद्य सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# रासायनिक परीक्षण कर मिलावट की प्रक्रिया की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी के रसायन शास्त्र विभाग के तत्वावधान में ₹खाद्य सुरक्षा मानकों, विनियमों एवं गुणवत्ता नियंत्रण उपायों₹ विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई), कटनी के खाद्य सुरक्षा अधिकारी ब्रजेश विश्वकर्मा एवं केमिस्ट सौरभ उपस्थित रहे। विशेषज्ञ वक्ताओं ने विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के प्रमुख प्रावधानों, खाद्य पदार्थों में होने वाली सामान्य मिलावट एवं उनकी पहचान के वैज्ञानिक तरीकों, तथा गुणवत्ता नियंत्रण हेतु अपनाए जाने वाले मानकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यशाला के दौरान रसायन शास्त्र प्रयोगशाला में व्यावहारिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने विभिन्न खाद्य नमूनों दूध, घी, मसाले, पनीर , तेल, चाय आदि का रासायनिक परीक्षण कर विद्यार्थियों को मिलावट परीक्षण की वास्तविक प्रक्रिया से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने भी रुचिपूर्वक परीक्षण में सहभागिता निभाई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेयी ने कहा कि इस प्रकार की व्यावहारिक कार्यशालाएँ पाठ्यक्रम को रोजगारपरक एवं जीवनोपयोगी बनाती हैं। कार्यक्रम के समन्वयक एवं रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष पुनर्बसु भट्टाचार्य ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को खाद्य गुणवत्ता के प्रति संवेदनशील बनाना एवं उन्हें गुणवत्ता परीक्षण का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है।

इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक प्रोफेसर राजेश साहू, डॉ रुक्मणि प्रताप सिंह एवं प्रोफेसर सुनील सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अतिथि विद्वान के रूप में डॉ. नेहा त्रिपाठी एवं मंजुला तिवारी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रयोगशाला तकनीशियन माधुरी सिंह के कुशल सहयोग से सभी व्यावहारिक गतिविधियाँ सुचारु रूप से संपन्न हुईं।

कार्यशाला में बीएससी रसायन शास्त्र (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) के विद्यार्थियों सहित विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लाए गए खाद्य नमूनों की विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई। कार्यक्रम के अंत में पुनर्बसु भट्टाचार्य ने मुख्य अतिथियों, प्राचार्य, सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दो तस्करों के पास से 3.70 किलो गांजा किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



बरही पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों में कार्यवाही कर गांजा जब्त किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 3 किलो 70 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन मार्ग, पिपरिया कला में घेराबंदी की गई। गत रात लगभग 9:35 बजे पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा। आरोपित मुकेश सापेरा 28 वर्ष निवासी कछड़ारी को पकड़ा। आरोपित के पास से 1 किलो 400 ग्राम गांजा कीमती 14,000 रुपये और 200 रुपये नगद जब्त किया गया। आरोपित के विरूद्ध धारा 8/20 NDPS एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। इसी तरह खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन के पास करौदी खुर्द रोड पर रेलवे पुलिया के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में रोका गया जिसकी पहचान ओमप्रकाश पटेल 29 वर्ष) निवासी करौदी कला के रूप मे की गई। आरोपित के पास से 1 किलो 670 ग्राम गांजा कीमती 20,000 रुपये जब्त किया गया। आरोपित के विरूद्ध धारा 8/20 NDPS एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## कलेक्टर ने बहोरीबंद अस्पताल एवं शासकीय कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण, अव्यवस्थायें रही हावी

# बीएमओ, एएनएम और सचिव को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरूवार को विकासखंड बहोरीबंद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान अस्पताल में अनुपस्थित मिले बीएमओ, आरोग्य मंदिर पथराडी पिपरिया की एएनएम और पंचायत सचिव पटोरी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया मौजूद रहे।

औचक भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पथराडी पिपरिया व पटोरी सहित तहसील कार्यालय बाकल एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र बाकल का औचक निरीक्षण किया और बिना पूर्व सूचना के कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाये गये बीएमओ, आरोग्य मंदिर पथराडी पिपरिया की एएनएम और पंचायत सचिव पटोरी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को ड्यूटी डॉक्टर चार्ट नहीं मिला। इस दौरान ड्यूटी डॉक्टर डॉ. शैफाली उइके, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद में पदस्थ डॉ. रितेश दुबे एवं





बीएमओ अनुपस्थित पाये गये। जिस पर नाराजगी जाहिर की।

वहीं पोषण पुनर्वास केन्द्र में 10 बच्चों के लक्ष्य के विपरीत मात्र 6 बच्चे ही पाये गये। कलेक्टर ने महिला जनरल वार्ड, प्रसूतिका वार्ड, हाई रिस्क महिलाओं की जानकारी, ओपीडी वार्ड, पैथेलॉजी वार्ड का भी निरीक्षण किया एवं साफ-सफाई नहीं पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करने हेतु मौके से ही दूरभाष पर सीएमएचओं डॉ. राज सिंह ठाकुर को स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए,अधिक मुस्तैदी से मैदानी अमले को सक्रिय करने की हिदायत दी।

### बंद मिला आरोग्य केन्द्र

भ्रमण के दौरान कलेक्टर आयुष्मान आरोग्य केन्द्र पथराडी पिपरिया पहुंचे परंतु, आरोग्य केन्द्र दोपहर 12 बजे तक बंद पाया गया। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने आरोग्य केन्द्र में पदस्थ एएनएम को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार कलेक्टर श्री तिवारी ने आयुष्मान आरोग्य केन्द्र पटोरी का भी निरीक्षण किया। यहां एएनएम एवं रोजगार सहायक उपस्थित मिलीं। कलेक्टर श्री तिवारी ने गर्भवती एवं गर्भवती माताओं के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के कार्यों की समीक्षा करते हुये शेष 423 आयुष्मान कार्ड 15 दिवस के अंदर बनाने के निर्देश दिये।

### पटोरी में पानी की समस्या

निरीक्षण के दौरान ग्राम पटोरी के ग्रामवासियों द्वारा कलेक्टर श्री तिवारी को पानी की समस्या से अवगत कराया गया। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने गांव के पुराने हैण्डपम्पों में शीघ्र सुधार करने एवं ट्यूब बेल खनन हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जनपद पंचायत बहोरीबंद सीईओ को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव पटोरी अनुपस्थित पाये जाने पर कलेक्टर श्री तिवारी ने कारण बताओं नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये।

### जर्जर बिल्डि को गिराने निर्देश

कलेक्टर श्री तिवारी ने प्राथमिक शाला पटोरी की पुरानी जीर्ण-शीर्ण बिल्डिंग को तत्काल गिराये जाने के निर्देश खण्ड शिक्षा अधिकारी बहोरीबंद को दिये तथा दो कमरे बनाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### तहसील कार्यालय और उप स्वास्थ्य केन्द्र का लिया जायजा

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने नायब तहसील कार्यालय बाकल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समय-सीमा बाह्य प्रकरणों को शीघ्र निराकरण सहित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण की हिदायत दी। साथ ही किसानों की शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाये जाने हेतु भी निर्देशित किया। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केन्द्र बाकल का निरीक्षण किया। इस दौरान एक कक्ष की सीलिंग गिरी हुई पाये जाने पर संभावित दुर्घटना के मद्देनजर इसके शीघ्र मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये।

### बीएमओ को जारी किया नोटिस, 24 घंटे में जवाब तलब, समाधानकारक जवाब नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही

कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) बहोरीबंद के औचक निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाये गये खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु कलेक्टर ने गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद का औचक निरीक्षण किया, जहाँ बीएमओ समेत वहां पदस्थ बॉण्डेड चिकित्सक बिना किसी पूर्व सूचना या अनुमति के अपने निर्धारित कार्यस्थल से अनुपस्थित पाये गये। चौंकाने वाली बात यह रही कि केंद्र पर केवल आबीएसके चिकित्सक ही उपस्थित मिले, जो नियमों के विरुद्ध ओपीडी में मरीजों का उपचार कर रहे थे। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ठाकुर ने इसे 'शासकीय सेवक आचरण नियमों' का उल्लंघन और कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही मानते हुये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद के बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये उन्हें 24 घंटे के भीतर सीएमएचओ कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

जारी नोटिस में सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में उत्तर प्राप्त न होने अथवा संतोषजनक जवाब न मिलने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बंधक बनाकर महिला से दुष्कर्म, आरोपित को किया गिरफ्तार

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र में एक आदिवासी महिला को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़ित पति की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित आदिवासी परिवार खेत में मजदूरी और देखरेख का कार्य करता था। इसी खेत पर दशरथ कोल नामक व्यक्ति भी काम करता था। आरोप है कि दशरथ कोल ने महिला को डरा-धमकाकर अगवा किया और अपने घर में 11 दिनों तक बंधक बनाकर रखा। इस दौरान उसने महिला के साथ लगातार गलत काम किया। शिकायत में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि आरोपी ने महिला के दोनों मासूम बच्चों को अपने कब्जे में ले लिया था। उसने धमकी दी थी कि यदि महिला ने शोर मचाया या भागने की कोशिश की, तो वह बच्चों को जान से मार देगा। बच्चों की सुरक्षा के डर से पीड़िता इतने दिनों तक खामोश रहकर प्रताड़ना सहती रही। पीड़ित पति द्वारा माधवनगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस एक्शन में आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया और गिरफ्तार कर लिया है।

### 25 पाव अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**कटनी।** थाना रंगनाथ नगर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए जयहिंद चौक के पास एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में लाल मसाला शराब बरामद की है। बुधवार शाम मुखबिर की सूचना पर रंगनाथ नगर पुलिस ने जयहिंद चौक के पास घेराबंदी की। शाम करीब 05:30 बजे पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ा, जिसकी पहचान गजेन्द्र उर्फ सूरज पटेल 28 वर्ष निवासी राम निवास सिंह वार्ड के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 25 पाव लाल मसाला शराब जब्त की गई। जब्त की गई अवैध शराब की कीमत लगभग 2,500 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(ए) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### सिलौंडी चौकी में हुई शांति समिति की बैठक



**सिलौंडी।** सिलौंडी चौकी में आगामी त्यौहारों को शांति समिति की बैठक हुई । नायब तहसीलदार नरेंद्र खरे और थाना प्रभारी अभिषेक चोबे ने शासन के गाइड लाइन से अवगत करते हुए होली का पर्व शांति पूर्वक मानने की अपील किया ।यदि कोई नशा करके वाहन चलाते हुए पकड़ा गया तो तुरंत धारा 185 की करवाई होगी जिसमें जेल जाने और 11000 हजार का जुर्माना होगा । चौकी प्रभारी अनिल पांडे ने भी लोगों को आपस में भाईचारा और प्रेम पूर्वक त्यौहार मानने की अपील किया है। बैठक में सिलौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी सिंह, सुरेश राय, मंडल उपाध्यक्ष अमित राय , सरपंच कैलाश चंद्र जैन ,सरपंच अनिल सिंह बागरी, सरपंच पंचों संतोष बर्मन, मीना मोहन बागरी ,गणेश राय ,विजय राय, जनपद सदस्य निरंजन खटीक ,अन्नू पाल, मोहन बगारी, जनपद पंचायत सदस्य गनेश दत्त गौतम,नरेंद्र उपाध्याय , सोशल मीडिया प्रभारी धीरज जैन, आरक्षक अतुल शर्मा, रामसेवक विश्वकर्मा सहित पुलिस और कोटवारो की मौजूदगी रही।

### होली पर्व पर दो दिन बंद रहेगा सुरम्य पार्क

**कटनी।** होली पर्व पर दो दिवस कटाए घाट स्थित सुरम्य पार्क पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। जानकारी देते हुए शाखा प्रमुख सुधीर मिश्रा ने बताया कि होली दहन 2 मार्च 2026 को होने के कारण दूसरे एवं तीसरे दिन 03 एवं 4 मार्च 2026 को रंगोत्सव पर्व में सुरम्य पार्क में नशे की हालत में पर्यटकों की आने से अप्रिय घटना निर्मित होने की संभावना बनी रहती है। इस वर्ष भी रंगोत्सव पर्व पर दो दिवस सुरम्य पार्क बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

## त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा थाना में आगामी होली एवम रमजान पर्व के मद्देनजर शांति सभा की बैठक आयोजित की गई। होली एवम रमजान पर्व सौहार्द पूर्वक मनाए जाने के उद्देश्य से प्रशासन एवं आमजन तथा जन समुदाय की उपस्थिति में बड़वारा थाना परिसर में बड़वारा तहसीलदार रिषि गौतम, बड़वारा थाना प्रभारी के के पटेल की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बड़वारा एवम ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी पर्वों के मद्दे नजर गुरुवार को बड़वारा थाना परिसर में आयोजित बैठक में बड़वारा तहसीलदार रिषि गौतम ने उपस्थित गणमान्य जनों,जनप्रतिनिधियों तथा जन समुदाय से रूबरू होते हुए आगामी होली एवम रमजान पर्व को



आपसी प्रेम भाव, समन्वय के साथ मनाए जाने का सभी उपस्थित जनों से आह्वान किया।

### भाईचारे से मनाये पर्व

तहसीलदार श्री गौतम ने कहा कि होली व रमजान पर्व प्रेम व सौहार्द के पर्व हैं इन्हें प्रेम व स्नेह भाव से मनाएं। होली पर्व में शराब व नशीले पदार्थो का सेवन नहीं करें अपने जीवन को सुरक्षित रखें।थाना प्रभारी के के पटेल ने कहा सभी पर्व त्योहार प्रेम,अपनत्व व एकता के साथ मनाइए।किसी से भी विवाद नही करें।सभी पर्व उत्साह व उल्लास से कानून के दायरे में रहकर मनाएं। पुलिस आपके सहयोग व सहायता करने के लिए ततपरता पूर्वक कार्य करती है।

जनपद सदस्य सुनील सिंह ने कहा बड़वारा व क्षेत्र में शांति ही रहती है सभी लोग मिलजुलकर सभी त्योहारों को मनाते हैं। हर्ष द्विवेदी ने कहा कि नशा का सेवन कर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाए।बीरभद्र दुबे(छोटू महाराज ) ने कहा कि होली एवम रमजान पर्व आपसी सामंजस्य व प्रेम पूर्वक मनाया जाना चाहिए किसी भी प्रकार के गिले शिकवे मन मे नही रखना चाहिए।

### इनकी रही मौजूदगी

बैठक में बड़वारा तहसीलदार रिषि गौतम,थाना प्रभारी बड़वारा के के पटेल, जनपद सदस्य सुनील सिंह, ,हर्ष द्विवेदी, केतन गर्ग, बीरभद्र दुबे उर्फ छोटू महाराज, बड़ेरा सरपंच प्रतिनिधि शिवमंगल सिंह, बड़वारा सरपंच प्रतिनिधि ओमकार सिंह, नन्हवारा सेझा से सुधीर दुबे, संजू जायसवाल, कृष्ण कुमार उर्फ झल्लू सोनी, डब्लू शर्मा, ललन सिंह, अरुण निगम, सिया राम साहू, शान मोहम्मद,आबिद खान एवम गणमान्य जन मौजूद रहे।

## औद्योगिक क्षेत्र लमतरा स्थित रीम फैक्ट्री में लगी आग



लमतरा औद्योगिक क्षेत्र मे रीम फैक्ट्री में अग्नि दुर्घटना की सूचना मिलने पर निगम प्रशासन के फायर अमले द्वारा टीम के साथ घटना स्थल औद्योगिक क्षेत्र लमतरा के लिए रवाना किया जाकर अग्नि दुर्घटना पर नियंत्रण पाने के लिए राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किए गए । सहायक फायर इंचार्ज शैलेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि फायर कर्मचारियों ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए अग्नि दुर्घटना पर काबू पाने के प्रयासों में जुटा रहा जिसके परिणाम स्वरूप काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अग्नि दुर्घटना पर काबू पाने के लिए बस स्टैंड एवं खिरहनी जोन कार्यालय से दो- दो राउंड वाहनों को भेजा गया। टीम द्वारा समय रहते की गई कार्रवाई से हादसे की व्यापकता पर रोक लगाने में सफलता मिल सकी। निगम प्रशासन ने बताया कि फायर ब्रिगेड दल अमला मुख्य कार्यालय सिविल लाइन सहित निगम के जोन कार्यालयों में सदैव अलर्ट मोड पर कार्यरत रहता है किसी भी प्रकार की अग्नि दुर्घटना संबंधी सूचना मिलनें पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## अलग अलग स्थानों में हुये सड़क हादसों में आधा दर्जन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पिछले कई सड़क दुर्घटनाएं हुई जिनमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुये। पुलिस ने सभी मामलों में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत मुडवारा स्टेशन रोड पर नर्सिंह मंदिर के पास एक सड़क दुर्घटना घटित हुई। राजकुमार कुशवाहा 50 वर्ष निवासी पहरूआअपनी बाइक से जा रहे थे तभी वाहन क्रमांक MP 21 ZA 8540 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 281 और 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

इसी तरह कुठला थाना क्षेत्र के कैलवारा कला स्थित वेसाईड रेस्टोरेंट के पास एक भीषण हादसा हुआ। यहाँ गलत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक MP 21 ZF 1730 ने सामने से आ रहे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो में सवार 5 लोग घायल हो गए। घायलों में दीनदयाल पटैल, पवन, तुषार, राधा और मंजू शामिल हैं। शिकायतकर्ता सुरेश पटेल की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध धारा 281, 125(ए) बीएनएस और 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

### डंपर ने मारी टक्कर

कुठला थाना की बिलहरी चौकी के कैमोरी चौराहे पर एक डंपर चालक ने खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए खड़े ट्रक MP 34 H 5731 को कंडक्टर साइड से टक्कर मार दी। इस हादसे में राममिलन नामक व्यक्ति घायल हुआ है। पुलिस ने आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया है।

वहीं बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम किरहाई पिपरिया में नहर के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल MP 20 ZU 4974 ने राह चलती महिला मररू बाई पटेल 48 वर्ष को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला को चोटें आई हैं। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 116/26 के तहत मामला दर्ज किया है।

## यूथ पार्लियामेंट जैसे मंच विद्यार्थियों को इतिहास से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का अवसर देते हैं

**यूथ पार्लियामेंट के तहत तिलक कॉलेज में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का विषय "आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक" निर्धारित किया गया है। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक परंपराओं तथा संसदीय प्रणाली की कार्यप्रणाली से परिचित कराना है, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन और प्रभावी




अभिव्यक्ति कौशल का विकास हो सके। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, जिला नोडल अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग ने बताया कि इस यूथ पार्लियामेंट में वही विद्यार्थी सहभागिता करेंगे, जिन्होंने एमवाई भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया है तथा जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष के मध्य है। प्रतिभागी संसदीय नियमों के अनुरूप अपने विचार प्रस्तुत करेंगे और लोकतंत्र से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे।

पंजीकृत विद्यार्थियों ने अपने भाषण में बताया कि वर्ष 1975 में लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना थी, जिसने हमें संविधान, मौलिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व का बोध कराया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सुदृढ़ता जागरूक नागरिकों और जिम्मेदार युवाओं पर निर्भर करती है। यूथ पार्लियामेंट जैसे मंच विद्यार्थियों को इतिहास से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करते हैं।

निर्णायक मंडल के रूप में पर्यावरणविद एवं सचिव मानव जीवन विकास समिति निर्भय सिंह, सचिन, संजय त्रिपाठी, विश्वविद्यालय कार्य समिति सदस्य रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, वंदना मिश्रा सहायक प्राध्यापक शासकीय कन्या महाविद्यालय, सुब्रत बाझल जैन प्रांत मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राजकुमार अग्रवाल पूर्व लेखा अधिकारी माय भारत कटनी रहे।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन एवं डॉ माधुरी गर्ग के कुशल निर्देशन में युवा संसद का आयोजन हुआ।

## 19 स्थलों पर सी.सी. रोड एवं डामरीकरण से आवागमन हुआ सुगम

# सड़क डामरीकरण कार्य का औचक निरीक्षण कर महापौर ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में आवागमन सुगम करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा कायाकल्प अभियान के तहत अपने बजट से नगर निगम कटनी को दो चरणों में 12 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई थी। योजना के तहत सी एल पी पाठक वार्ड में करीब 41 लाख रुपये की लागत से सागर पुलिया से लक्ष्मी पान भंडार तक कराए जा रहे डामरीकरण कार्य का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बुधवार शाम औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के दो रेलवे स्टेशन सहित शहर से लगे विभिन्न ग्रामों को जाने वाले इस प्रमुख मार्ग के निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि लंबे



समय तक इस सड़क का लाभ नागरिकों को मिल सके। उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के कुशल मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम द्वारा कायाकल्प अभियान के अंतर्गत प्राप्त राशि का योजनाबद्ध एवं जनहितैषी उपयोग सुनिश्चित किया गया। अभियान के तहत नगर के 19 विभिन्न स्थलों पर सी.सी. रोड तथा डामरीकरण सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण कर नागरिकों को सुगम, सुरक्षित एवं बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। निगम प्रशासन ने बताया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, स्थायित्व एवं आवश्यकतानुसार प्राथमिकता का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके और नगरीय अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाया जा सके।

### इन स्थलों पर हुए विकास कार्य

निगम प्रशासन द्वारा कायाकल्प योजना के प्रथम चरण के तहत शासन से प्राप्त राशि रूपये 7 करोड़ की लागत से नगर के जिन स्थलों में विकास कार्य कराए गए है। उनमें संत कवरराम वार्ड में पोस्ट ऑफिस के सामने से माधव नगर स्टेशन पहुंच मार्ग तक सी.सी. रोड निर्माण, एन.के.जे बजरिया में इलाहाबाद बैंक के ए.टी.एम तक सी.सी.रोड निर्माण, कच्छ सॉ मिल से सी.एल.पी स्कूल तक सी.सी.रोड, वार्ड क्रमांक 2 में जायसवाल होटल से बजाज मैदा मिल तक सी.सी. रोड, कटनी नदी पुल से बस स्टैंड पेट्रोल पंप के पास एवं आडिटोरियम पहुंच मार्ग तक डामरीकरण कार्य, पीर बाबा में बिलहरी तिराहा तक डामरीकरण कार्य, बाबा नारायण शाह गेट से कुम्हार मोहल्ला होते हुए इमलिया रोड तक डामरीकरण कार्य, कटनी रेलवे स्टेशन से सुभाष चौक तक डामरीकरण कार्य एवं मंगल नगर रोड से गायत्री नगर पुलिया तक डामरीकरण का कार्य शामिल है। जो पूर्ण किया जा चुका है। वहीं योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत 5 करोड की लागत से बाबा नारायण शाह वार्ड में उप कार्यालय से आत्माराम दरबार तक डामरीकरण कार्य, हेमू कालाणी वार्ड में गीता भवन के पास से लेकर हनुमान मंदिर होते हुए पी.एम दाल मिल तक डामरीकरण कार्य, मानसरोवर मुक्तिधाम से तालाब के पास तक डामरीकरण कार्य, माधव नगर मेन बाजार रोड में डामरीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 45 मे अमीरगंज स्थित शौचालय से एम.एस.डब्ल्यू प्लांट तक डामरीकरण कार्य, सुधार न्यास कॉलोनी अंतर्गत योजना क्रमांक 14 में एन.एच.7 से आयकर कार्यालय होते हुए योजना क्रमांक 6 मे स्थित सामुदायिक भवन तक सी.सी. रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 11 मे मिट्ठू निषाद से गिरजा घाट तक सी.सी. रोड निर्माण वार्ड क्रमांक 42 में श्याम के घर से गोवर्धन दास के घर तक सी.सी.रोड एवं इंडिया होटल से कुठला बस्ती तक सीसी.रोड निर्माण पूर्ण करानें के साथ ही सागर पुल से लक्ष्मी पान भंडार तक डामरीकरण का कार्य गुरुवार तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

## खरीदी के लिए इस बार ओटीपी से नहीं चेहरे से होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। किसान भाई 16 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में गेहूँ पंजीयन के लिए निर्धारित 55 पंजीयन केन्द्रों में ही चना एवं मसूर के उपार्जन हेतु भी पंजीयन किया जाएगा।

चना एवं मसूर के पंजीयन के दौरान इस वर्ष खरीदी केन्द्रों द्वारा उपज खरीदने से पहले कृषकों की वास्तविक पहचान के लिए आधार का सत्यापन सक्षम पी.ओ.एस. मशीन या मोबाईल ऐप के माध्यम से चेहरे का प्रमाणीकरण कर वास्तविक किसान का सत्यापन किया जावेगा, क्योकि विगत वर्षों की भांति ओ.टी.पी मान्य नहीं होगा।

### किसान की अनुपस्थिति में 3 लोग हो सकेंगे अधिकृत

यदि कृषक खरीदी केन्द्र पर स्वयं उपस्थित न हो पाये तो अपनी फसल के विक्रय हेतु पंजीयन के समय 3 अधिकृत व्यक्तियों का नाम और आधार नंबर दे सकता है। जिनके द्वारा पंजीकृत किसान की फसल खरीदी केन्द्र पर लाई जा कर विक्रय किया जा सकेगा। कृषक द्वारा अधिकृत किये गये व्यक्तियों का भी आधार-सक्षम पी.ओ.एस. मशीन या मोबाईल ऐप के माध्यम से चेहरे का प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। कोई भी व्यक्ति अधिकतम तीन कृषकों के अधिकृत व्यक्ति के तौर पर काम कर सकता है तथा उपज का भुगतान पंजीकृत कृषक के बैंक खाते में किया जाएगा।

**खास बातें**

## मझगवां शेख का नाम बदलकर मझगवां शेखर करने की मांग

**पन्ना।** गुनौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बलगहा के मझगवां शेख ग्राम का नाम बदलकर "मझगवां शेखर" किए जाने की मांग अब विधानसभा तक पहुंच गई है। गुनौर विधानसभा के विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान इस विषय को प्रमुखता से उठाते हुए ग्राम का नाम परिवर्तन किए जाने की बात रखी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मझगवां शेख का नाम परिवर्तित कर मझगवां शेखर किया जाना चाहिए। विधायक ने तर्क दिया कि नाम परिवर्तन से ग्राम की पहचान और सांस्कृतिक स्वरूप को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने शासन से इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। अब देखना यह होगा कि शासन स्तर पर इस प्रस्ताव पर क्या निर्णय लिया जाता है और कब तक इस संबंध में आधिकारिक प्रक्रिया आगे बढ़ती है।

### युवा नाट्य मंच के 21वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह का हुआ शुभारंभ, मप्र नाट्य विद्यालय रंग प्रयोगशाला ने दी अपनी प्रस्तुति

# अठारहवीं शताब्दी के जनमानस विद्रोह को दिखाता नाटक आनंदमठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से युवा नाट्य मंच द्वारा आयोजित 21वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। नगर के अस्पताल चौक स्थित मानस भवन में आयोजित नाट्य समारोह के प्रथम दिवस मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय रंग प्रयोगशाला के कलाकारों के प्रसिद्ध उपन्यासकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की कालजयी रचना आनंद मठ की नाट्य प्रस्तुति दी। कहानी का नाट्य रूपांतरण राजीव श्रीवास्तव ने और निर्देशन संजय श्रीवास्तव ने किया है। नाटक 18वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में, बंगाल में हुए सन्यासी विद्रोह और भीषण अकाल की सच्ची पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो भारतीय जनमानस के राष्ट्रवाद, मातृभूमि के प्रति समर्पण और सांस्कृतिक चेतना और गुलामी की वेदना को दिखाता है। नाटक न केवल इतिहास, तत्कालीन सामाजिक स्थिति, संस्कृति और राष्ट्र प्रेम के संगम को बल्कि हमारी युवा पीढ़ी को अपनी अस्मिता और राष्ट्र के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेवारी का एहसास भी कराता है।

### सन्यास जीवन में मातृभूमि की भक्ति

नाटक की कहानी में पात्र महेंद्र और उनकी पत्नी कल्याणी बंगाल के भयंकर अकाल के कारण अपना घर छोड़ने को विवश हो जाते हैं। नियति के चलते घर से निकलने के बाद मार्ग में दोनों बिछुड़ जाते हैं और भटकते हुए महेंद्र एक रहस्यमय स्थान आनंदमठ पहुँच जाता है। आनंदमठ में उसे ऐसे संन्यासी मिलते हैं जिन्होंने सांसारिक जीवन का त्याग कर मातृभूमि की सेवा को अपना धर्म बना लिया है। उनके अनुशासन, बलिदान और देशप्रेम से प्रभावित होकर महेंद्र भी इसी कार्य को अपना ध्येय बना लेता है। समय के साथ कठिनाइयों को झेलते हुए उसकी पत्नी कल्याणी भी आनंदमठ पहुँचती है और वह भी यह आत्मसात करती है कि व्यक्तिगत सुख से ऊपर राष्ट्रधर्म है। नाटक में संन्यासियों और विदेशी सत्ता के बीच संघर्ष के दृश्य प्रासंगिक हैं, जिनके केंद्र में 'वदे मातरम' की गूंज है।

### मानवीय परेशानियों से ऊपर राष्ट्रधर्म

कहानी में निर्देशक ने गुलामी के दौर में भी अकाल और जनजीवन के संघर्ष के बीच राष्ट्रधर्म की भावना को दिखाया है। अकाल, परेशानी और गरीबी में इंसान की भूख, मानव के अंदर छिपी बुराइयां जिसमें वह दानव बनकर एक दूसरे को लूट-मार करने पर आमदा हो गया था। दूसरी ओर एक ऐसे सन्यासी जो अपने व्यक्तिगत सुखों और घर परिवार को त्याग कर संतान सेना के रूप में मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित भाव से एकजुट होकर अंग्रेजों के राष्ट्र सर्वोपरि मानकर अपना संघर्ष रखते है। नाटक का देशकाल भले ही 18वीं शताब्दी का हो लेकिन इसकी कहानी और इसके दृश्य वर्तमान परिवेश और हालातो से बखूबी मेल खाते हैं।

### कहानी की मूल आत्मा को रखा जीवित

बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी की कहानी आनंदमठ राष्ट्र भावना से जुड़ी एक ऐसी कहानी है जो दशकों से जनमानस के मन में अपनी अमिट छाप बनाकर रखे हुए है। ऐसे में निर्देशक संजय श्रीवास्तव ने कहानी की मूल आत्मा को जीवित रखा है। नाटक को पात्रों ने अपने अभिनय से जीवंत किया है और संगीत इस नाटक की आत्मा है। कलाकरों में सत्यानंद के रूप में अभिषेक शाही और लक्ष्य अरोड़ा, भवानंद रोशन अवधिया, जीवानंद वरुण शर्मा, धीरानंद आकाश घोरमारे,शांति एवं नवीनानंद के पात्र में गीतिका देवदास ने अभिनय को पूर्णता दी है। महेंद्र के पात्र में कशफ़ अहमद ख़ान,कल्याणी एकता चौरसिया,निम्मी गीता अहिरवार, संतानसेना सदस्य जुधिष्ठिर सुनानी, मोंटी मूस, शुभम चौरसिया, देवाशीष मोहंत, संजय इंगले के साथ ग्रामीण की भूमिका को, रोशन अवधिया, गीतिका देवदास,आकाश घोरमारे, जुधिष्ठिर सुनानी अपनी भूमिका में सशक्त रहे है।अंग्रेज़ अफ़सर की भूमिका में कलाकारों ने प्रभावी दृश्य पैदा किए है। संजना तिवारी ने पात्रों की भेषभूषा का साकार किया है और उनकी सहायता रोशन अवधिया और राकेश नामदेव ने की है। रूपसज्जा में एकता चौरसिया, कशफ़ अहमद ख़ान का सहयोग रहा है, मंच सामग्री में गीतिका देवदास, वरुण शर्मा, मंच परिकल्पना में आकाश विश्वकर्मा रहे है। इसके अलावा आकाश विश्वकर्मा ने प्रकाश परिकल्पना एवं संचालन से दृश्यों में प्रभाव पैदा किया है। नाटक में अभिनय कहानी के साथ संगीत की जबरजस्त जुगलबंदी है और संगीत पक्ष और वाद्ययंत्रों की जिम्मेदारी निभाई है उमेश तरकसवार, मयंक विश्वकर्मा, अभिषेक दुबे, आदित्य गौतम संजय कोरी, विशाल कुशवाहा, अभिषेक शाही, आकाश घोरमारे ने।

### आज होगी गुड़िया की शादी की प्रस्तुति

समारोह के द्वितीय दिवस शुक्रवार को मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के द्वारा हास्य नाटक गुड़िया की शादी की प्रस्तुति की जाएगी। यह नाटक बुंदेलखंड माटी के विवाह उत्सव की परंपराओं और उससे जुड़े जीवन को हास्य रूप में दिखाता है।

# अरिहंत चक्र विधान के तीसरे दिन समवशरण में सप्त भूमियों के अर्घ्य समर्पित किए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हें मंदिर एवं सकल जैन समाज के द्वारा चौबीस समोशरण श्री 1008 अर्हन्त चक्र महामंडल विधान का आयोजन आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी के मंगल आशीर्वाद से मुनिश्री पदम सागर जी के ससंघ सानिध्य में भक्ति मय उल्लास के साथ चल रहा है । नगर की उमा मिस्त्री की तलैया में अष्टानिका महापर्व पर 24 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित 24 समोशरण महामंडल विधान के तीसरे दिन मुनि श्री पदम सागर जी एवं छुलल्क श्री तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में गुरुवार को तीसरे दिन विधान पूजन सहित विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। प्रातः बेला में श्री जी के अभिषेक उपरांत मुख्य शांति धारा करने का सौभाग्य पदम चंद मुकेश राजकुमार रानू खजरी परिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात ब्रह्मचारी दीपक भैया अभिषेक शास्त्री एवं प्रतिष्ठा चार्य पं सुरेश शास्त्री के निर्देशन में विधान पूजन प्रारंभ हुआ। आज तीसरे दिन मुख्य समवशरण के साथ 24 समोशरण में सप्त भूमियों के अर्घ्य समर्पित किए गए। 24 तीर्थंकरों के अर्घ्यं बारी बारी से चैत्य प्रसाद भूमि, मंडप भूमि, लता भूमि, स्वातिका भूमि, उपवन भूमि, कल्पवृक्ष भूमि एवं भवन भूमि पर भक्तिमय उल्लास के साथ समर्पित किए गए। वहीं 22 लघु समोशरण के समक्ष 22 सौधर्म इंद्र परिवारों को तथा मुख्य पांडाल में इंद्र इंदाणियों को पूजन विधान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

### पंच परमेष्ठी में साधु का पद सर्वश्रेष्ठ है- मुनि श्री पदम सागर जी

श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान अवसर पर तीसरे दिन गुरुवार को धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री पदम सागर जी ने 24 समवशरण की महिमा बताते हुए कहा कि द्रव्य काल क्षेत्र के अनुसार धर्म कार्य करने का कई गुना फल प्राप्त होता है इस दौरान किया गया दान का पुण्य भी जन्म जन्मांतर तक साफ जाता है। साधु परमेष्ठी की महिमा बताते हुए मुनि श्री ने कहा कि पंच परमेष्ठी में अरिहंत सिध्द आचार्य उपाध्यय बनने के लिए सबसे पहले मुनि अर्थात साधु बनना आवश्यक होता है। साधु परमेष्ठी को इसलिए भी श्रेष्ठ कहा गया है क्योंकि अंतिम समय में समाधि मरण के पूर्व आचार्य उपाध्याय अपने पद का त्याग जर देते है। इसी तरह अरिहंत तथा सिद्ध बनने के लिए भी अभी पदों का त्याग करना पड़ता है। मुनि श्री ने विशेष पर्व अवसरों पर किए गए धर्म कार्यों एवं दान की महिमा बताते हुए कहा कि अष्टानिका जैसे महापर्व में हम नंदीश्वर दीप में जाकर भले ही पूजन विधान नहीं कर पा रहे हो लेकिन मध्य क्षेत्र में कृत्रिम समोसारण की रचना करके पूजन विधान करके हम कई गुना पुण्य संचित अर्जित कर लेते हैं। मुनिश्री ने कहा कि यह परम सौभाग्य का विषय है कि आचार्य भगवान के आशीर्वाद से आप सभी को यहां पर 25 समवशरण की रचना करके श्री अरिहंत चक्र महामंडल विधान करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है जिसमें नगर के 24 जिनालय्यों से आए 34 जिन बिंवो की एक साथ पूजा अर्चन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस सौभाग्य को महासौभाग्य में बदलने के लिए महाबोलियो के जरिए अपनी चंचल लक्ष्मी का उपयोग करना चाहिए। आपके साथ आपकी धन संपदा तो नहीं जाएगी लेकिन आज किया गया दान पुण्य भव भव तक साथ निभाएगा।

# वनपाल पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाला आरोपी पहुंचा जेल

**तेन्दूखेड़ा।** बुधवार को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के सर्रा गेम परिक्षेत्र में पदस्थ बीट प्रभारी बोरिया ब्रजेश सेन वनपाल को बोरिया गांव के भूरे गौड़ ने कुल्हाड़ी मारकर हमला कर दिया गया था जहां घायल अवस्था में वनपाल को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां से वनपाल को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था जहां पर वनपाल का इलाज चल रहा है वहीं कुल्हाड़ी मारने वाले आरोपी भूरे सींग पिता देवी सींग गौंड ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को तेंदूखेड़ा न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी द्वारा पेड काटने एवं अतिक्रमण करने से मना करने पर शासकीय कार्य में बाधा डालते हुये गाली गुफ्तार कर, जान से मारने की नियत से वनपाल के सिर पर कुल्हाडी से हमला कर घायल कर दिया था जिस संबंध में थाना तारादेही में अप.क्र.18/26 धारा-296 (बी) 121(1), 132, 109(1), 351(2), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया जो दमोह पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के निर्देशन में तथा एसडीओपी तेदूखेड़ा के मार्गदर्शन में थाना तारादेही पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी भूरे सींग पिता देवी सींग गौंड उम्र 51 साल निवासी बोरिया थाना तारादेही जिला दमोह (म.प्र.) को चंद घंटो के अंदर गिरफ्तार किया गया जिसे जे.आर. पर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरी. आलोक तिरपुडे, का.वा.उनि रमेश सिंह मुडरया, प्र.आर. मुकुल रावत, प्र.आर. तुलसीराम ठाकुर, आर. राजेन्द्र सिंह, आर.पंकज प्यासी, आर. बलराम सिंह, आर. देवकरन, म.आर. लक्ष्मी, डायल 112 पायलेट राजेश लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# जबेरा में शांति समिति की बैठक संपन्न



**जबेरा।** आगामी त्योहारों हेतु थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार सोनम पांडे के द्वारा की गई।बैठक में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान द्वारा आगामी त्यौहार होली, मां कर्मा जयंती, ईदअल फितर, महावीर जयंती जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार आने वाले हैं जिनके संबंध में विस्तार से चर्चा की।त्यौहारों को शांति पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। इसके साथ ही ग्रामवासियों से आवश्यक सुझाव भी मांगे।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा बताया गया कि कोंरता रोड में जाम के हालात निर्मित होते है। वहां से निकलने वाली स्कूली छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिस पर थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने सहमति व्यक्त करते हुए वहां पर खड़े होने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। इसके उपरांत ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार को बाजार का दिन होने से भीड़ अधिक होती है।भारी वाहन प्रवेश होने से जाम के हालात निर्मित होते हैं व सड़क दुर्घटना भी पूर्व में घटित हो चुकी है। जिस पास तहसीलदार सोनम पांडे ने बताया कि मंगलवार के दिन बाईपास से भारी वाहन नहीं निकाले जाएंगे पुलिस स्टाफ की कमी होने के कारण बाईपास के दोनों और कोटवार की ड्यूटी रहेगी ताकि मंगलवार को भारी वाहन नगर में प्रवेश न करें। इसके उपरांत विद्युत अभियंता एम के महतो द्वारा ग्रामवासियों से अपील की गई है कि होलिका दहन से पूर्व उसके ऊपर विद्युत लाइन देख ले ताकि किसी भी प्रकार की आगजनी की घटना न हो।इसके साथ उन्होंने बताया कि आगामी समय में फसल कटाई का समय आ गया है खेतों के आसपास जहां डीपी या विद्युत तार हैं वहां पर से कुछ फसल काट कर अलग कर ले ताकि आगजनी की घटना से बचा जा सके। तहसीलदार सोनम पांडे ने बताया कि जबेरा नगर में सभी लोगों द्वारा पूर्व से ही शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाए जाते हैं जो की प्रशंसनीय है। पिछले वर्ष जबेरा पुलिस थाने में एक भी शिकायत नहीं आई थी। आगे भी उम्मीद करते हैं इसी प्रकार से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए जाए। इसके साथ ही पूर्व में किसानों के द्वारा नरवाई में आग लगाई जाती थी जिसको लेकर शासन द्वारा सेटेलाइट से मॉनिटरिंग की जा रही है व वहीं से कार्यवाही हमारे पास प्रस्तावित होकर आती है जिस पर मुझे चालानी कार्रवाई की जाती है अतः किसान नरवाई में आग न लगाकर कृषि विभाग के नियमों का पालन करें। बैठक में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक,पुलिस स्टाफ सहित ग्रामवासियों की मौजूदगी रही।

# सेक्टर बटियागढ़ में प्रस्फुटन समिति सदस्यों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न

**बटियागढ़।** नवांकुर संस्था जन सरोकार समाजसेवा समिति, बटियागढ़ द्वारा सेक्टर बटियागढ़ में प्रस्फुटन समिति के सदस्यों हेतु क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समिति सदस्यों को संगठनात्मक कार्यों में दक्ष बनाना एवं जनहित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षित करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान सदस्यों को बैठक आयोजित करने की प्रक्रिया, बैठक कार्यवाही लिखने की विधि, मोबाइल ऐप के माध्यम से जानकारी अपलोड करने की प्रक्रिया तथा म.प्र. जन अभियान परिषद के विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।इस अवसर पर म.प्र. जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय ने जन अभियान परिषद की योजनाओं एवं प्रस्फुटन कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रस्फुटन समितियां गांव स्तर पर जागरूकता और विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने सभी सदस्यों से सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया निशांत खरे ने जैविक खेती की नवीन तकनीकों पर प्रकाश डालते हुए प्राकृतिक खेती के लाभ बताए और किसानों को आधुनिक एवं कम लागत वाली तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।जन सरोकार समाजसेवा समिति के उपाध्यक्ष देशराज सिंह ने संस्था द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की जानकारी साझा की। मंडल उपाध्यक्ष राजेश चौरसिया ने उपस्थित जनों को समाजसेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का मंच संचालन समिति अध्यक्ष रवि तिवारी द्वारा किया गया तथा अंत में समिति के सचिव दीपक चौरसिया ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर राघवेंद्र तिवारी, चंदन सिंह, पुष्पेन्द्र लोधी, रजनीश सोनी, संजय तिवारी, सुदामा सिंह, सोहिल खान, संदीप एवं मनीष नामदेव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# त्रैमासिक क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का आयोजन




**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था सूर्या सेवा समिति सेक्टर सहजपुर के ग्राम नरगुवा झरौली में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें सेक्टर की समिति उपस्थित हुई जैसे बंदना सैलबाडा. नरगुवा. झरौली सर्वाकुही दोनी. आदि समितियां से पदाधिकारी सदस्य गण उपस्थित हुए जिसमें विकासखंड समंवयक दीपचंद मालवीय द्वारा उपस्थित समितियो को प्रशिक्षित किया गया। जन सूचना केंद्र नर्सरी निर्माण के प्रचार प्रसार जैविक कृषि दस्तावेजीकरण एवं स्वावलंबन पर ग्राम में काम करें और ग्राम के विकास में सहभागी बने। प्रीतम जी द्वारा नवांकुर संस्था के माध्यम से उपस्थित समितियां को ग्राम में बेहतर काम करने हेतु प्रेरित किया गया। वही रोशन ठाकुर द्वारा उर्वरक शक्ति जमीन में वापस लाने देसी खाद वर्मी कंपोस्ट जमीन का मिट्टी का परीक्षण करवाना आदि विषयों पर जानकारी उपस्थित समितियां को दी गई प्रशिक्षण का संचालन सूर्य सेवा समिति अध्यक्ष प्रीतम सिह केवट द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में पधारे हुए समस्त समितियो के अध्यक्ष सचिव का आभार व्यक्त भगवान सिंह लोधी द्वारा किया गया।

# कलेक्टर की पहल से लंबित प्रकरण का निराकरण, सड़क निर्माण का रास्ता साफ

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि सांदीपनि स्कूल (मारूताल बायपास) अतगिक्रमण से संबंधित प्रकरण लंबित था। इसके निराकरण के लिए एक दिन पूर्व सभी हितबद्ध पक्षों की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का आकलन किया जाएगा और तत्पश्चात समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान पीडब्लूडी, पी.आई.यू की टीम, राजस्व विभाग के अधिकारी, स्कूल शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि तथा आसपास के भूमि स्वामी उपस्थित रहे। उन्होने बताया पीडब्लूडी द्वारा विधिवत एवं व्यवस्थित नाप-जोख की गई, जिसमें राजस्व निरीक्षक एवं अन्य राजस्व अधिकारियों ने सहयोग प्रदान किया। नाप के उपरांत सभी संबंधित पक्षों के बीच सहमति बनी और निर्णयानुसार सड़क निर्माण के लिए आवश्यक भूमि के हिस्से को आज मौके पर ही क्लियर कराने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि यह विषय काफी समय से लंबित था। आज सभी विभागों के समन्वित प्रयास और हितधारकों के सहयोग से इसका निराकरण संभव हो सका है। उन्होंने पीडब्लूडी, राजस्व विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी ने सकारात्मक सहयोग दिया, जिससे प्रशासन को प्रभावी कार्रवाई करने में सफलता मिली।

## सेवानिवृत एसआई का हुआ निधन



**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 08 में सेवानिवृत एसआई रामविशाल श्रीवास्तव 67 का हार्टअटैक के चलते निधन हो गया। श्री श्रीवास्तव तारादेही पुलिस थाना में प्रभारी रहते हुए जून 2022 में सेवानिवृत हुए थे। उनका स्वभाव बहुत ही शांति प्रिय एवं मिलनसार था। गुरूवार भटरिया स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया जिसमें बडी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर नम आंखो से अंतिम विदाई देकर दो मिनिट का मौन धारण किया। श्री श्रीवास्तव अपने पीछे एक पुत्र एवं चार पुत्री को छोड़कर चले गए हैं।

# 2 मार्च को होगा होलिका दहन, 5 मार्च को मनाई जाएगी भाई दूज

### 3 मार्च को चंद्रग्रहण होने से 4 मार्च को धुरैडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा पर होने वाला होलिका दहन इस वर्ष 2 मार्च सोमवार को किया जाएगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार पूर्णिमा तिथि 2 मार्च को शाम 5:57 बजे प्रारंभ होकर 3 मार्च मंगलवार को शाम 5:08 बजे तक रहेगी। चूंकि प्रदोष काल में 2 मार्च को पूर्णिमा विद्यमान रहेगी, इसलिए शाख सम्मत होलिका दहन इसी दिन किया जाना उचित माना गया है।

### भद्रा में दहन को लेकर असमंजस

इस वर्ष होलिका दहन पर भद्रा का साया रहेगा। भद्रा 2 मार्च को शाम 5:57 बजे से प्रारंभ होकर 3 मार्च प्रातः 5:29 बजे तक रहेगी। धर्मशास्त्रों में भद्रा काल में होलिका दहन एवं रक्षाबंधन वर्जित बताया गया है, जिससे विद्वानों में मुहूर्त को लेकर मतभेद की स्थिति बनी हुई है। ज्योतिषाचार्य पंडित बृजेश बडगैया शास्त्री जी ने बताया कि धर्म सिंधु और निर्णय सिंधु ग्रंथों के अनुसार यदि पूर्णिमा पर भद्रा हो तो भद्रा के पुच्छकाल में होलिका दहन करना शास्त्र सम्मत है। 2 मार्च की रात्रि में भद्रा का पुच्छकाल 1 से 2 बजे के बीच रहेगा। अतः इसी समय होलिका दहन करना श्रेष्ठ रहेगा।

### 3 मार्च को चंद्रग्रहण सूतक सुबह से

3 मार्च मंगलवार को चंद्रग्रहण रहेगा। ग्रहण दोपहर 3:20 बजे प्रारंभ होकर शाम 6:46 बजे समाप्त होगा। चंद्र उदय शाम 6:32 बजे होगा, जिससे दृश्य ग्रहण काल लगभग 18 मिनट का रहेगा। सूतक प्रातः 6:20 बजे से प्रभावी रहेगा, जिसके बाद मंदिरों के पट बंद रहेंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार धुरेडी 4 मार्च बुधवार को और भाई दूज 5 मार्च गुरुवार को मनाई जाएगी।

**जिला स्तरीय कोर समिति की कार्यशाला सम्पन्न**

# वल्नरबिलिटी मेपिंग से वंचित परिवारों को मिल पायेगा योजनाओं का लाभ - कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

किशोर न्याय समिति उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जिला स्तरीय कोर समिति की कार्यशाला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की मौजूदगी में एक निजी होटल में संपन्न हुई।

कार्यशाला में कलेक्टर सुधीर कोचर ने कहा यह कार्य उनके लिए सर्वोपरी कार्यों में से एक है एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाला है, मैपिंग के माध्यम से निकले वंचित परिवारों एवं बच्चों के जीवन में शासन/विभिन्न विभागों की योजनाओं के माध्यम से जितना ज्यादा से ज्यादा जुडाव हो सके यह न केवल मेरे व्यवहारिक जीवन के लिए बल्कि व्यक्तिगत जीवन के लिए ख़ुशी का विषय होगा। उन्होंने कहा शीघ्र ही महिला बाल विकास विभाग द्वारा हॉट स्पॉट का चिन्हाकन कर अलग -अलग टीम के माध्यम से सर्वे किया कार्य किया जाकर समय सीमा में डेटा कलेक्सन किया जायेगा और विश्लेषण कर पात्र लोगों को जिन योजनाओं से तात्कालिक जोड़ा जा सकता है उन्हें तात्कालिक लाभ दिया जायेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल जैन ने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताया किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों के तहत बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के सकारात्मक उपाय के सिद्धांत के अनुसार परिवार एवं समुदाय में सभी संसाधनों को जुटाकर बच्चों के सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा देने एवं जोखिम ग्रस्त बच्चों की पहचान को सुगम बनाया जाकर एवं समावेशी एवं सक्षम वातावरण तैयार किये जाने के परिपालन में प्रथम चरण में 13 जिलो में ग्राम ब्लाक वार्ड में वंचित परिवारों एवं बच्चों के चिन्हाकन वल्नेरेबिलिटी मैपिंग का कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से किया जाना है।

कार्यशाला में जिले के समस्त परियोजना अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों का भोपाल से आये डेवलपमेंट पार्टनर्स के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मेपिंग टूल पर एवं इसके उदेश्यों आदि पर विस्तार से बताया गया। जिला स्तरीय कोर कमिटी से उपस्थित जिला विधिक अधिकारी, पुलिस विभाग से ट्रेफिक प्रभारी, एसजेपीयु प्रभारी, कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला समन्वयक आरजीएसए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, बाल श्रम जिला अधिकारी, श्रम अधिकारी, सेडमेप जिला समन्वयक आदि जिला अधिकारियों को इस कार्यशाला के उदेश्य एवं विभिन्न विभागों की बच्चों एवं परिवारों के लिए योजनायें एवं भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। विभागों से पधारे अधिकारियों ने कार्य में योगदान एवं सहयोग हेतु का आश्वासन दिया।

कार्यशाला में भोपाल से पधारे डेवलपमेंट पार्टनर्स ज्योति रंजन ममता संस्था बाकर, जिला समन्वयक वीरेंद्र जैन मास्टर ट्रेनर्स, बाल संरक्षण अधिकारी सह समस्त आइसीपीएस स्टाफ, परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यावेक्षक उपस्तिथ रहे।

खास बातें

## मायसेम इंटर विलेज वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आज से

**दमोह।** क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से माईसेम सीमेंट कंपनी द्वारा माईसेम इंटर विलेज वॉलीबॉल टूर्नामेंट-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय खेल महाकुंभ दमोह जिले के पथरिया ब्लॉक अंतर्गत लखरोनी में आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें ग्रामीण अंचलों की कुल 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें पुरुष वर्ग की 20 टीमें और महिला वर्ग की 4 टीमें शामिल हैं, जो खेल जगत में अपनी पहचान बनाने के लिए मैदान में उतरेंगी। महिला खिलाड़ियों की भागीदारी इस आयोजन को और भी विशेष बना रही है। श्री हनुमान जी मंदिर परिसर, लखरोनी, में 27 फरवरी 2026 प्रातः 11:00 बजे से शुभारंभ होगा जिसका समापन 1 मार्च को होगा। माईसेम सीमेंट कंपनी के क्लस्टर हेड ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी ₹दमोह जिले के विकास के लिये प्रतिबद्ध₹ है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह आपसी स्नेह, भाईचारे और अनुशासन को भी बढ़ावा देता है। ग्रामीण खिलाड़ियों को उचित अवसर देना ही इस टूर्नामेंट का मुख्य लक्ष्य है। कंपनी प्रबंधन ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों, खेल प्रेमियों और प्रबुद्ध जनों को इस खेल उत्सव में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए सादर आमंत्रित किया है।

## बाल श्रम के विरुद्ध संयुक्त अभियान, गार्डन से एक बालक का रेस्क्यू

**दमोह।** जिले में बाल श्रम के विरुद्ध सख्ती जारी है, 25 फरवरी को बाल श्रम टास्क फोर्स समिति के सदस्यों द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर एक बालक को कार्य करते हुए चिन्हित किया गया। यह कार्रवाई किल्ला ई नाका स्थित नीलकमल मैरिज गार्डन में की गई। अभियान में श्रम विभाग दमोह से सहायक श्रम पदाधिकारी आशा सिरश्याम, बाल श्रम नोडल अधिकारी राहुल कुर्मी, पुलिस विभाग से आरक्षक रामकिशुन यादव तथा जन साहस संस्था से कमल बैरागी शामिल रहे। टीम द्वारा स्थल पर निरीक्षण के दौरान एक बालक अपनी मां के साथ कार्य करते हुए पाया गया। रेस्क्यू किए गए बालक का प्रकरण नियमानुसार बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलन में है। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए लगातार संयुक्त अभियान चलाए जा रहे हैं।

### जिला बस ऑपरेटर यूनियन ने दी जानकारी, 2 मार्च से होगी हडकाल, परिवहन विभाग के नए नोटिफिकेशन को निरस्त करने की मांग

# बस यूनियन ने दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मध्यप्रदेश परिवहन विभाग द्वारा जारी स्टेट कैरिज बस संचालन संबंधी नए नोटिफिकेशन के खिलाफ बस ऑपरेटरों ने मोर्चा खोल दिया है। 2 मार्च 2026 को बसों कि प्रदेश व्यापी हडताल को लेकर पत्रकारवार्ता का आयोजन जिला बस यूनियन कार्यालय में बस यूनियन के अध्यक्ष शंकर राय की उपस्थिति में हुई। दमोह जिला बस ऑपरेटर संगठन ने पत्रकार वार्ता में स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शासन ने आदेश वापस नहीं लिया तो 2 मार्च से पूरे मध्यप्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के 24/12/2025 राजपत्र अधिसूचना को निरस्त करने और अपनी अन्य मांगों को लेकर जिला बस यूनियन ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान राजा राय, उपाध्यक्ष करन सिंह परिहार, संजीव राय बंटी,, शमीम कुरैशी, अमजद खान रिंकू, पप्पू राय, अनिल राय, यश राय, बंटी कुरैशी, अमित जैन, मिट्ठूचंद जैन, संजय जैन, मुन्ना जैन, बंटी राय, अशोक पाराशर, राजू राय, कोषाध्यक्ष नवीन जैन, राहुल जैन, महेंद्र जैन, विक्की जैन, छोटू जैन, आदि बस ऑपरेटर उपस्थित रहे। होली का पर्व नजदीक होने के कारण यह संभावित हड़ताल लाखों यात्रियों के लिए गंभीर असुविधा और आर्थिक दबाव का कारण बन सकती है। अनिल राय को बैठक का अध्यक्ष नियुक्त किया।

### क्या है नया प्रावधान और क्यों भड़के ऑपरेटर?

यूनियन के उपाध्यक्ष करन सिंह परिहार ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि नए आदेश के तहत प्रत्येक संभाग में बसों का संचालन एक ही कंपनी या समूह के अधीन करने का प्रावधान किया गया है। इससे छोटे और मध्यम बस संचालक बाजार से बाहर हो जाएंगे। परिवहन क्षेत्र में बड़े कॉर्पोरेट समूहों का एकाधिकार स्थापित हो जाएगा। स्थानीय स्तर पर वर्षों से सेवा दे रहे संचालकों की आजीविका पर सीधा संकट खड़ा होगा।प्रतिस्पर्धा समाप्त होने से सेवा की गुणवत्ता और किराया नियंत्रण दोनों प्रभावित होंगे। यह नीति "उदारीकरण और समान अवसर" की भावना के विपरीत है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी।

### किराया बढ़ने की आशंका, आम जनता पर पड़ेगा असर

शमीम कुरैशी के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में औसतन 1.25 प्रति किलोमीटर किराया लिया जाता है। नई व्यवस्था लागू होने पर यह बढ़कर लगभग 1.75 प्रति किलोमीटर तक पहुंच सकता है। यदि प्रतिस्पर्धा समाप्त हो जाती है तो किराया निर्धारण पर नियंत्रण कमजोर हो सकता है। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में यात्रियों को अधिक भुगतान करना पड़ सकता है। बस यूनियन सचिव शमीम कुरैशी द्वारा बताया गया कि किस तरह से पिछले 15 वर्षो से भारतीय जनता पार्टी की सरकार टैक्स एवं अन्य नियमों के आधार पर प्रदेश के बस मालिको का दोहन कर रही है। हद तो जब हो जाती है जब सरकार स्वंय के मकान में स्वंय को ही किरायेदार बनाने पर आतुर हो। म.प्र.शासन के समक्ष प्रमुख रूप से दो मांगे प्रस्तावित है कि 24 दिसंबर 2025 प्रकाशित राजपत्र को तत्काल समाप्त किया जायें एवं 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में प्रकाशित किया गया टैक्स 18 रूपये प्रति सीट वापिस कर 12 रूपये प्रति सीट लागू किया जाए। यदि शासन द्वारा समय रहते मांगे नही मानी जाती है तो 2 मार्च 2026 से प्रस्तावित बसों कि अनिश्चित कालीन हडताल कि जायेगी। हडताल के दौरान आटो व्यवसाय वालो ने भी हडताल में सम्मलित होने की सहमति प्रदान की है हडताल से होने वाली असुविधा के लिए शासन प्रशासन स्वंय जिम्मेदार होगा।

### प्रदेश में 6000 बसों के पहिए थमने की आशंका

पदाधिकारियों के अनुसार यदि हड़ताल लागू होती है तो दमोह जिले की लगभग 700 बसें संचालन से बाहर हो सकती हैं। प्रदेशभर में करीब 6000 बसों का संचालन प्रभावित होगा। कई ग्रामीण क्षेत्रों में बस ही एकमात्र सार्वजनिक परिवहन साधन है। ऐसे में स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, अस्पताल पहुंचने वाले मरीज और छोटे व्यवसायियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

### समाधान की मांग

बस ऑपरेटर यूनियन ने शासन से मांग की है कि नए नोटिफिकेशन को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए सभी हितधारकों के साथ चर्चा कर संशोधित नीति बनाई जाए। छोटे एवं मध्यम बस संचालकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। शासन और बस ऑपरेटरों के बीच होने वाली संभावित वार्ता पर टिकी है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला तो होली से पहले मध्यप्रदेश की परिवहन व्यवस्था ठप हो सकती है।

### होली में परेशानी

होली का त्योहार निकट है और बड़ी संख्या में लोग अपने गृह नगरों की ओर यात्रा करते हैं। यदि हड़ताल लागू होती है तो यात्रियों को निजी वाहनों या महंगे विकल्पों का सहारा लेना पड़ेगा। टिकट दरों में अनियंत्रित वृद्धि की संभावना बढ़ सकती है। बस स्टैंडों पर अव्यवस्था और अफरा-तफरी का माहौल बन सकता है।

# गौ हड्डियों की तस्करी करते मिनी ट्रक पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

जबेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंग्रामपुर चौकी के ग्राम सिंगपुर में गौ हड्डियों की तस्करी का मामला सामने आया है। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार शाम एक मिनी ट्रक 407 वाहन को गौ हड्डियां ले जाते हुए पकड़कर पुलिस के हवाले किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिंगपुर से सूचना मिली थी कि एक मिनी ट्रक 407 वाहन में गौ हड्डियां भरकर ले जाई जा रही हैं, जिससे तेज दुर्गंध आ रही है। सूचना मिलते ही गौसेवकों ने सिंगपुर तिराहे के पास वाहन को रोककर जांच की। जांच में वाहन के अंदर बड़ी मात्रा में गौ हड्डियां भरी हुई पाई गईं। गौसेवकों द्वारा तत्काल सिंग्रामपुर पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर चौकी ले आई।

### 20 बोरी गौ हड्डियां बरामद

सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे के अनुसार मझौली निवासी यश सिंह द्वारा सूचना दी गई थी कि वाहन क्रमांक MP-20-0786 में गौ हड्डियां भरी हुई हैं। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर वाहन से लगभग 20 बोरी गौ हड्डियां बरामद की गईं। वाहन चालक मोहम्मद अल्ताफ एवं कंडक्टर को पुलिस हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। बरामद गौ हड्डियों को पुलिस की देखरेख में जंगल क्षेत्र में दफनाया गया।

### दिनदहाड़े संचालित हो रहा था कारोबार

स्थानीय लोगों का कहना है कि दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे पर गौ



तस्करी का कारोबार लंबे समय से संचालित हो रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि यह धंधा केवल रात में ही नहीं बल्कि दिन के उजाले में भी धड़ल्ले से चल रहा है।गौ सेवक यश ठाकुर सत्येंद्र ने बताया कि सूचना मिलते ही साथियों के सहयोग से वाहन को रोका गया। वहीं बजरंग दल प्रखंड सहसंयोजक अनुराग दुबे ने पुलिस से ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष लीलाधर तिवारी, अमित चौहान, अनुराग दुबे, यश ठाकुर सत्येंद्र सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# होली पर्व शालीनता, सदभाव से मनाने का लिया निर्णय , शांति समिति की बैठक संपन्न

**पटेरा।** आगामी होली पर्व शांतिपूर्ण सदभाव व भाईचारे से मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर ने बैठक का शुभारंभ करते हुए पर्व शालीनता सदभाव से मनाने की बात कही। बैठक में होलिका दहन सोमवार 2 मार्च को, धुरेड़ी 3,4 मार्च को भाई दूज 5 मार्च को एवं रंग पंचमी 8 मार्च को मनाई जाएगी। बैठक में थाना प्रभारी ने सदस्यों से यहां मनाई जाने वाली परंपरा पर चर्चा की। अपने स्वभाव एवं कार्यशैली के चर्चित थाना प्रभारी ने सभी से कहा कि वह उनका नंबर ले ले एवं कुछ भी असामान्य या असामाजिक होने पर उन्हें तुरंत सूचना दे। अवैध शराब बिक्री नहीं होगी व शराब पीकर व्यवधान करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी ने उनका मोबाइल नंबर नोट किया। थाना प्रभारी ने कहा कि सोशल



मीडिया पर अफवाहों से बचे एवं कोई भी गलत पोस्ट न करें। आप तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने सभी सदस्यों से उनके वार्ड में शराब पीकर बहकने वालों की जानकारी भी ली। कानून व्यवस्था बनाए रखने सभी सहयोग प्रदान करें। बैठक में ईद उल फितर पर भी चर्चा की गई। बैठक में हाजी शमशुद्दीन पहलवान, अरविंद ताम्रकार, दयाशंकर चौबे, नरेंद्र बजाज, वीरेंद्र ताम्रकार, नितिन ताम्रकार, मुन्ना अवधिया, आनंद सिंह, गोविंद चौरसिया, बलराम पटेल, मुकेश गूजरे, उमेश ताम्रकार, डा सदाकत खान, कलीमुद्दीन खान गनपत कोरी, शाकिर शा, कमलेश नामदेव, नीतेश, पप्पू सिंह तिंदनी, बद्री सिंह सहित अनेक सदस्यगण पत्रकार व ग्रामीण क्षेत्रों से भी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पुलिस ने सभी का आभार माना एवं सहयोग की अपील की।

# प्रशासन की कमी से राहगीर होते हैं आठ किलोमीटर बेवजह परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

**दमोह जिले में व्यारमा नदी पर बना झापन घाट पुल जुलाई 2025 की अत्यधिक वर्षा में बह जाने के बाद से क्षेत्रवासियों के लिए गंभीर समस्या बना हुआ है। पुल ध्वस्त होने के बावजूद लंबे समय तक समुचित बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेतक नहीं लगाए गए, जिसके परिणामस्वरूप 14 फरवरी 2026 को छिरारी गांव के तीन युवकों की दर्दनाक मृत्यु हो गई। घटना के बाद प्रशासन ने पुल के समीप पक्की बैरिकेडिंग तो कर दी, लेकिन समस्या अभी भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है।**

### झलौन चौराहे पर चेतावनी का अभाव

झलौन चौराहे से पुल की दूरी लगभग 4 किलोमीटर है, लेकिन वहां किसी प्रकार की स्पष्ट बैरिकेडिंग या दिशा-सूचक बोर्ड नहीं हैं। सागर की ओर जाने वाले वाहन सीधे पुल तक पहुंच जाते हैं।टूटा पुल देखकर उन्हें 4 किमी वापस लौटना पड़ता है।कुल 8 किमी अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है।

### बड़े वाहनों के लिए जोखिम

पुल के पास सड़क संकरी है। ट्रक और बस चालकों को वाहन मोड़ने में कठिनाई होती है। दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दिन में स्थानीय लोग मार्गदर्शन कर देते हैं। रात में अंधेरे के कारण वाहन चालक गलत मार्ग (महाराजपुर की ओर) निकल जाते हैं। दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है।

### ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की मांग

महराज सिंह झलौन ग्रामवासी का कहना है कि झलौन चौराहे पर स्पष्ट बैरिकेडिंग और बड़े दिशा-सूचक बोर्ड लगाए जाएं। मुकेश जैन सामाजिक कार्यकर्ता का कहना है कि सड़क के बीचों-बीच मजबूत बैरिकेड रखकर उस पर रिफ्लेक्टर युक्त संकेतक लगाए जाएं। चंद्रशेखर शिल्पी नायब तहसीलदार, तेंदूखेड़ा ने कहा कि पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए जाने की बात कही है। नितिन बरबे एमपीआरडीसी प्रबंधक ने बताया कि पहले छोटे बैनर लगाए जाने की जानकारी दी और अतिरिक्त व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया।

## होली पर्व पर 2 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**दमोह।** होली पर्व के अवसर पर लोकहित एवं जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार 02 मार्च को संपूर्ण दिवस तथा 03 मार्च को अपरान्ह 04 बजे तक संपूर्ण दमोह जिले को ₹शुष्क दिवस₹ घोषित किया गया है।

# डिप्टी रेंजर का हुआ एक्सीडेंट हेलमेट बना 'रक्षक कवच'



जबेरा/बनवार दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब माला बम्होरी बीट में पदस्थ वन विभाग के डिप्टी रेंजर कमलेश सोनी सड़क हादसे का शिकार हो गए। ड्यूटी पर जाते वक्त हुआ यह एक्सीडेंट कुछ पल के लिए जानलेवा साबित हो सकता था, लेकिन हेलमेट ने उनकी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कमलेश सोनी दोपहिया वाहन से नियमित गश्त पर निकल रहे थे। इसी दौरान अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और वे तेज रफ्तार में सड़क पर गिर पड़े। गिरते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस बुलवाई और उन्हें तत्काल जिला अस्पताल दमोह पहुंचाया।

### सिर पर वार, हेलमेट बना ढाल

मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि हादसा बेहद गंभीर था। यदि डिप्टी रेंजर ने हेलमेट नहीं पहना होता तो सिर में गंभीर और जानलेवा चोट आ सकती थी। हेलमेट ने मजबूत सुरक्षा कवच की तरह काम किया और बड़ी अनहोनी टल गई।

### हाथ-पैर में चोटें, हालत स्थिर

जिला अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक उनके हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सड़क पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी भारी पड़ सकती है, वहीं हेलमेट का इस्तेमाल कई बार जिंदगी और मौत के बीच फर्क साबित होता है।

# नदी से निकलकर सड़क पर आया 8 फीट विशालकाय मगरमच्छ

### तारादेही वन परिक्षेत्र के गोहदर नदी पर बुधवार की रात 9 बजे राहगीरों को नजर आया था मगरमच्छ, रेस्क्यू कर वन विहार भोपाल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

बुधवार की रात करीब 9 बजे देखने को मिला है जब एक 8 फीट का विशालकाय मगरमच्छ नदी से निकलकर बीच पुल पर आ गया मार्ग से गुजर रहे राहगीरों द्वारा इसकी सूचना तारादेही वन विभाग को दी गई और टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया एक घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया गया। दरअसल तारादेही वन परिक्षेत्र के अंतर्गत तेन्दूखेड़ा तारादेही मार्ग पर स्थित गोहदर के पुल का मामला है जहां 8 फीट लंबा विशालकाय मगरमच्छ गोहदर नदी से निकलकर मुख्य सड़क पर आ गया वहां से गुजर रहे राहगीरों की जैसे ही मगरमच्छ पर नजर पड़ी तो होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल इसकी सूचना तारादेही वन विभाग को दी गई सूचना मिलते ही तारादेही वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र गुर्जर डिप्टी रेंजर मुकेश दुबे सहित अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचा लेकिन मगरमच्छ भारी-भरकम और 8 फीट होने के चलते रेस्क्यू करने में परेशानियों का



सामना करना पड़ा जिसके बाद तारादेही वन विभाग की टीम ने इसकी सूचना वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के सर्रा गेम परिक्षेत्र अधिकारी को दी गई जहां सूचना मिलते ही टाइगर रिजर्व की टीम भी मौके पर पहुंची और मगरमच्छ को पकड़ने रेस्क्यू शुरू किया गया जहां एक घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सका और मगरमच्छ को आखिरकार पिंजरे में कैद किया गया रेस्क्यू टीम में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के सर्रा गेम परिक्षेत्र से वनपाल जगराम प्रजापति वनरक्षक पीयूष वनरक्षक हेमंत पटेल सुरक्षा श्रमिक कैलाश पटेल मोहन पटेल और तारादेही वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र गुर्जर वनपाल मुकेश दुबे वनरक्षक सुशील दुबे सहित अन्य वन स्टाप मौजूद था।

तारादेही वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर रेस्क्यू किए गए मगरमच्छ का आज सुबह चिकित्सकीय जांच कराई गई जांच के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित रुप से आज भोपाल स्थित वन बिहार राष्ट्रीय उद्यान भेजा गया है।

### व्यारमा नदी में हजारों की संख्या में मगरमच्छ

तारादेही के लोगों ने बताया कि तारादेही सहित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से निकली व्यारमा नदी में हजारों की संख्या में मगरमच्छ मौजूद है साथ ही उनके बच्चे भी जो आए दिन नदी से बाहर निकलकर खेतों व सड़कों पर दिखाई देते हैं दो साल के अंदर तेन्दूखेड़ा ब्लॉक में भर तीन दर्जन से अधिक मगरमच्छों को वन विभाग की टीम ने कई स्थानों पर रेस्क्यू कर टाइगर रिजर्व के अंदर बनी नदियों और तालाबों में छोड़ा गया है।

## गोरिया नदी में 12 फीट का घायल मगरमच्छ, रातभर दहशत में रहा नोहटा, वन अमले ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम नोहटा के निकट कंसाघाट स्थित गोरिया नदी किनारे बुधवार रात उस समय सनसनी फैल गई, जब करीब 12 फीट लंबा मगरमच्छ रास्ते में बैठा दिखाई दिया। प्रातः 5 से 6 के बीच ग्रामीणों ने उसे एक ही स्थान पर जमे हुए देखा। सूचना फैलते ही क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मगरमच्छ असामान्य रूप से शांत था और रातभर नदी किनारे बैठा रहा। आशंका जताई जा रही है कि वह घायल अवस्था में था, जिसके कारण वह शिकार या पानी की ओर नहीं बढ़ सका। सुबह करीब 8:30 बजे वन विभाग को सूचना दी गई, जिसके बाद टीम तत्काल मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान भीड़ को नियंत्रित करना बड़ी चुनौती बना रहा। लगभग 12 फीट लंबे इस भारी-भरकम मगरमच्छ को पकड़ने में वन अमले को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे ओर रेंजर अखलेश चौरसिया डिप्टी रेंजर रशीद कुरेशी के नेतृत्व में टीम ने सावधानीपूर्वक कार्रवाई करते हुए मगरमच्छ को सुरक्षित काबू में किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़ के कारण स्थिति संवेदनशील बनी रही। वन विभाग के अनुसार मगरमच्छ को उपचार एवं सुरक्षा के लिए सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। घटना ने एक बार फिर नदी किनारे बसे लोगों में वन्यजीवों की आवाजाही और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। डिप्टी रेंजर का कहना है कि सुबह सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम तत्काल मौके पर पिंजरा लेकर पहुंची। वहां नदी किनारे करीब 12 फीट लंबा मगरमच्छ बैठा हुआ दिखाई दिया। टीम ने सतर्कता और सावधानी बरतते हुए सफल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए मगरमच्छ को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो और वन्यजीव भी सुरक्षित रह सके।